## संकलित परीक्षा - II (2015-2016)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा -IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न–पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ ।**

(2) **खंड –क प्रश्न संख्या 2 मुक्त पाठ** पर आधारित है।

(3) **चारों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड–क
### ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )

1 **निम्नलिखित** गद्यांश **को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x5=10)** 10

हमारे धर्म, हमारी संस्कृति में अतिथि को देव स्वरूप माना गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में 'अतिथ देवो भव' का उद्घोष है। अतिथि को देवता मान कर उसकी उन्मुक्त हृदय और मन से सेवा करने का कर्तव्य बोध हमारे उपनिषद् कराते हैं। महाभारत में तो अतिथि सेवा को गृहस्थ का कर्तव्य ही नहीं बल्कि मुख्य धर्म कहा गया है। अतिथि आगमन पर प्रेम प्रदर्शन, उसका आदर–सत्कार, उसके साथ मधुर वाणी का प्रयोग, उसकी विदाई के समय कुछ दूर तक उसके साथ चलना शिष्टाचार ही नहीं अतिथि यज्ञ के रूप में वर्णित है।

मनुस्मृति में कहा गया है – अतिथि समय पर आए अथवा असमय उसे आदर पूर्वक बिठा कर यथाशक्ति प्रेम से भोजन कराएं। दुख की बात यह है कि आज तो लोग 'अतिथि देवो भव' की भावना और उसकी मर्यादा को ही भूल गए हैं। किसी शायर ने खूब लिखा है – 'एक वो भी जमाना था कि सोचते थे कोई आये तो खाना खाएँ। लानत है कि इस दौर पर कि सोचते हैं कि जाए तो खाना खाएँ।'

अतिथि वह होता है जो बिना तिथि के, बिना सूचना के आ जाए – मृत्यु जो एक सच है, वह भी तो अतिथि ही है। मृत्यु किसी को चिट्ठी भेजकर नहीं आती है। वह तो अचानक आती है, बिना पूर्व सूचना के क्योंकि वह अतिथि है और उसे बिना बताये ही आना है और हमें अपने साथ ले जाना है।

(क) हमारे उपनिषद हमें किस भाव का बोध कराते हैं ?

(ख) किन मूल्यों को अतिथि यज्ञ के रूप में वर्णित किया है ?

(ग) आज अतिथि के प्रति किन मूल्यों का अभाव दिखाई देता है ?

(घ) 'अतिथि देवो भव' का क्या तात्पर्य है?

(ङ) अतिथि की तुलना किससे की गई है और क्यों ?

( मक्तु

**इस** पाठ

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विषय- महिला सशक्तिकरण | |
| | 2(i) | भारतीय समाज में असंतोषजनक लिंगानुपात का आकलन करते हुए इसके कारण पर प्रकाश डालिए तथा सरकार के सुधारात्मक उपायों की चर्चा भी कीजिए। | 5 |
| | 2(ii) | महिला सशक्तिकरण में 'गाँवों' की क्या भूमिका है? | 5 |
| | | **खण्ड ख**<br>**( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| | 3 | (क) निम्नलिखित वर्ण – विच्छेदों के लिए शब्द लिखिए :<br>(1) अ + क् + ष् + अ + र् + अ<br>(2) ध् + व् + अ + न् + इ<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए:<br>सगति, चाद<br>(ग) निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जिसमें अनुनासिक चिह्न का प्रयोग होता है :<br>महगाई, सकट<br>(घ) निम्नलिखित शब्दों में से नुक्ते के उचित प्रयोग वाले शब्द छाँटिए:<br>शुक्रिया, फजीहत | 5 |
| | 4 | (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए :<br>(1) शब्द+ अर्थ (2) सु+ आगत<br>(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए :<br>(1) सदैव (2) पराधीन | 4 |
| | 5 | (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग – अलग करके लिखिए:<br>अनिष्ट लापरवाह<br>(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्दव प्रत्यय को अलग – अलग करके लिखिए:<br>मार्मिक<br>(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए:<br>(1) वाह कितना सुंदर दृश्य है चारों ओर तरह तरह के फूल खिले हैं<br>(2) गुरु जी ने थैला उठाया चप्पल पहनीं और चल दिए<br>(3) मोदी जी ने कहा देश का विकास होना चाहिए | 6 |
| | | **खण्ड ग**<br>**( पाठ्य-पुस्तक )** | |

| | | |
|---|---|---|
| | **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )** | |
| 6 | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (2+2+1)**<br>इस समय, देश में धर्म की धूम है। उत्पात किए जाते हैं, तो धर्म और ईमान के नाम पर, और जिद की जाती है, तो धर्म और ईमान के नाम पर। रमुआ पासी और बुद्धू मियाँ धर्म और ईमान को जानें, या न जानें, परंतु उनके नाम पर उबल पड़ते हैं और जान लेने और जान देने के लिए तैयार हो जाते हैं।<br>प्रश्न<br>(क) लोग धर्म के नाम पर उबल क्यों पड़ते हैं ?<br>(ख) धर्म का वास्तविक अर्थ जानना क्यों आवश्यक है ?<br>(ग) 'धर्म की धूम' से क्या अभिप्राय है ? | 5 |
| 7 | जीवन के हर क्षेत्र में धर्म का पालन आवश्यक क्यों है ?'धर्म की आड़' पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| | **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2+2+1)** | |
| 8(i) | महादेव भाई एवं उनके जिगरी दोस्त नरहरि सिंह ने किन-किन पुस्तकों का अनुवाद किया था?'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| 8(ii) | कीचड़ के विषय में तटस्थता से सोचने पर हमारी वृत्ति में क्या बदलाव आ सकता है ? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर लिखिए। | 2 |
| 8(iii) | मुखर्जी महोदय ने रामन के सामने क्या प्रस्ताव रखा था?'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। | 1 |
| | **पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)** | |
| 9(i) | तटिनी विरह के गोत क्यों गाती है? 'गीत-अगीत' कविता के आधार परउत्तर दीजिए। | 2 |
| 9(ii) | 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के द्वारा कवि उच्च-वर्ग को उनके किस कर्त्तव्य की याद दिलाना चाहता है? | 2 |
| 9(iii) | महामारी का सुखिया पर क्या असर पड़ा? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर लिखिए। | 1 |
| 10 | 'अग्निपथ' कविता में कवि ने किस महान दृश्य का उल्लेख किया है और उसका आशय क्या है ? बताइए। | 5 |
| 11 | हामिद खाँ ने लेखक की किस बात का विश्वास नहीं किया और क्यों ? स्पष्ट कीजिए। लेखक के द्वारा दिए गए उत्तर से हमें क्या सीख मिलती है ? बताइए। | 5 |
| | **खण्ड घ**<br>**( लेखन )** | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 80 **से** 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। | |
| | 12(i) | <u>जीवन में सफाई का महत्व</u><br>क स्वास्थ्य की दृष्टि से<br>क रोगों से बचाव<br>क कैसे क्या करें? | 5 |
| | | **OR/अथवा** | |
| | 12(ii) | <u>बीमारी : दूषित खान–पान का परिणाम</u><br>क खाने के प्रति लापरवाही<br>क रोगों का कारण<br>क निवारण | 5 |
| | | **OR/अथवा** | |
| | 12((iii) | <u>मैट्रो में एक सफर</u><br>क मैट्रो का परिचय<br>क सफर का आनंद<br>क सुझाव | 5 |
| | 13 | अपने जन्मदिन के अवसर पर अनाथाश्रम में बिताए गए अपने अनुभवों को अपने मित्र के साथ बाँटते हुए पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 |  | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | 15 | किट्टी पार्टी में पाककला की प्रशंसा करती दो महिलाओं का संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। | 5 |
| | 16 | अपनी पिताजी की पुरानी'सैंट्रो' की पुन:बिक्री के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0- | |